## ।। कार्यालय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ।।
## संचालन एवं प्रबंधन समिति जिला–दुर्ग
### जिला पंचायत के सामने, जी.ई. रोड, दुर्ग छ.ग.

फो.नं. 0788–2322345 **E-mail: sagesdeodurg@gmail.com**

---

–:: प्रेस विज्ञप्ति ::–

क्रं./12356/सेजेस/प्रतिनियुक्ति/विज्ञापन/2025 दुर्ग, दिनांक 31/07/2025

दुर्ग जिले में नवीन संचालित कुल 10 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय विभिन्न पदों पर प्रतिनियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया था।

उक्त विद्यालयों के रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ होने कुल 409 पात्र आवेदकों का दस्तावेज परीक्षण एवं साक्षात्कर बा.रा.जो.शा.आदर्श कन्या उ.मा.वि. दुर्ग में निम्नानुसार दिनांक व समय को होना प्रस्तावित है:–

1. अंग्रेजी माध्यम हेतु पात्र आवेदकों का दस्तावेज परीक्षण एवं साक्षात्कार :– दिनांक 04.08.2025 समय सुबह 10 बजे से 04 बजे तक।
2. हिन्दी माध्यम हेतु पात्र आवेदकों का दस्तावेज परीक्षण एवं साक्षात्कार :– दिनांक 06.08.2025 समय सुबह 10 बजे से 04 बजे तक।

अभ्यर्थियों द्वारा की गई आनलाईन प्रविष्टि के आधार पर 409 आवेदकों को पात्र की श्रेणी में रख कर उक्त दिनांक को दस्तावेज परीक्षण हेतु आमंत्रित किया गया है। परीक्षण पर भिन्नता पाये जाने की स्थिति में आवेदन अमान्य कर दिया जायेगा। अभ्यर्थियों को अपने समस्त शैक्षणिक एवं विभागीय मूल दस्तावेजों के साथ **(अंग्रेजी माध्यम की जानकारी/ अनापत्ति प्रमाण पत्र/ ई संवर्ग की जानकारी/सेवानिवृत्ति तिथि इत्यादि)** के साथ उपस्थित होना होगा तथा स्थल चयन की प्राथमिकता हेतु परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों को साक्षात्कार का अवसर दिया जायेगा।

अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला दुर्ग के वेबसाईट durg.gov.in का अवलोकन करें।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जिला शिक्षा अधिकारी/सचिव
स्वा.आ.उ.अं.मा.विद्यालय
संचालन एवं प्रबंधन समिति
जिला–दुर्ग

प्रति

सम्मानीय संपादक,
दैनिक समाचार पत्र
दैनिक भास्कर/नवभारत/टाईम्स ऑफ इंडिया/हरिभूमि/
नईदुनिया/देशबन्धु
कृपया उक्त समाचार को अपने दैनिक समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

Scanned with OKEN Scanner